भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

# Corporate Communications Directorate

DESHBANDHU　　　　DELHI　　　　31 MAY 2025

## जेवर एयरपोर्ट के अधिसूचित गांवों की भूमि अर्जन से प्रभावित कुटुंबों की सांख्यिकी गणना को लेकर बैठक

**ग्रेटर नोएडा,** 30 मई (देशबन्धु)। नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट जेवर के विस्तारीकरण हेतु अधिसूचित गांवों की भूमि अर्जुन पुनर्व्यवस्थापन के अंतर्गत प्रभावित कुटुंबों की सांख्यिकी गणना कराने में लगाए गए अधिकारियों एवं कार्मिकों के साथ जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बैठक की। जिलाधिकारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट जेवर के विस्तारीकरण (स्टेज-2/फेस-2 व स्टेज-2/फेस-3) के लिए भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत 14 ग्रामों (ग्राम थोरा, नीमका, शाहजहांपुर, ख्व्जापुर, रामनेर, किशोरपुर, बनवारीबांस, पारोही, मुकीमपुर सिवारा, जेवर बांगर, साबोता, मुस्तफाबाद, अहमदपुर, चोरौली, दयानतपुर, बंकापुर व रोही) की 1857.7706 हेक्टेयर निजी भूमि के अर्जन की अधिसूचना जारी की जा चुकी है। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सांख्यिकी गणना में लगाए गए अधिकारी एवं कार्मिकों से कहा कि भूमि अर्जन अधिनियम 2013 की धारा 16 के अंतर्गत पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन प्रशासक द्वारा एक सर्वेक्षण तथा प्रभावित कुटुंबों की जनगणना का कार्य आगामी 15 जून तक निर्धारित प्रारूप पर बड़ी संवेदनशीलता के साथ भावनात्मक रूप से पूरा किया जाना है।




**■ सांख्यिकी गणना में लगाए गए कार्मिक संवेदनशीलता के साथ भावनात्मक रूप से करें कार्य**

उन्होंने कहा कि सांख्यिकी जनगणना के दौरान कोई भी कार्मिक ग्रामीणों का आतिथ्य स्वीकार न करें और उनके साथ मधुर व्यवहार रखते हुए जनगणना कार्य शासन की मंशा के अनुरूप पूरा किया जाए। यदि इस कार्य में उन्हें कोई भी परेशानी महसूस होती है तो इस संबंध में वह सक्षम स्तर पर अधिकारियों से वार्ता कर अपनी समस्या का समाधान करा सकते हैं। जिलाधिकारी ने तहसीलदार जेवर एवं नायब तहसीलदार जेवर को निर्देशित करते हुए कहा कि संबंधित उपरोक्त टीमों से समन्वय स्थापित कर प्रतिदिन की गई प्रभावित कुटुंबों की सांख्यिकी गणना की रिपोर्ट प्रत्येक दशा में प्राप्त कर प्रभावित कुटुंबों की सांख्यिकी गणना को निर्धारित प्रारूप पर लेखबद्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। डिप्टी कलेक्टर/उप जिलाधिकारी विवेक भदोरिया इस संपूर्ण कार्य के प्रभारी होंगे।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DAINIK JAGRAN KANPUR 30 MAY 2025

# एयरपोर्ट पर शुभम के स्वजन से मिलेंगे पीएम

- विमान से उतरने के बाद शुभम के स्वजन से पीएम करेंगे बात
- उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक बिना प्रोटोकाल शुभम के घर पहुंचे

जासं, कानपुर : पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए शुभम द्विवेदी की मां सीमा, पिता संजय और पत्नी एशान्या से पीएम मोदी चकेरी एयरपोर्ट पर शुक्रवार को अपराह्न 2:20 बजे मिलेंगे। जिला प्रशासन उन्हें अपनी गाड़ी से एयरपोर्ट तक लाएगा। विशेष विमान से उतरने के बाद सबसे पहले पीएम लगभग 10 मिनट शुभम के स्वजन से बात करेंगे। गुरुवार रात डीएम जितेन्द्र प्रताप सिंह ने फोन करके पीएम से मुलाकात का समय मिलने की जानकारी दी। सांसद रमेश अवस्थी ने भी शुभम के स्वजन के अनुरोध पर पीएमओ चिट्ठी भेजी थी। पिता संजय के अनुरोध पर उन्होंने पीएमओ को पत्र भेजा था। उधर, बिना किसी प्रोटोकाल के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी गुरुवार को शुभम के श्यामनगर स्थित घर पर स्वजन से मिले और सांत्वना देकर हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।

शुभम के स्वजन में उनके माता, पिता, पत्नी ,बहन व बहन के ससुरालीजन, चाचा मनोज का पूरा परिवार व पत्नी के मायके वालों समेत 14 लोगों के नाम शामिल हैं। पूर्व में सांसद से अनुरोध करते समय छह लोगों के नाम की सूची दी गई थी। शुभम के चाचा मनोज द्विवेदी ने बताया कि गुरुवार सुबह स्वजन पैतृक गांव हाथीपुर गए, जहां द्वार के शिलान्यास के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद पूरा परिवार श्याम नगर स्थित घर आ गया। यहां उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने परिवार से मिलने की इच्छा जाहिर की और दोपहर में भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल व दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह के साथ घर आए। उन्होंने स्वजन को सांत्वना देने के साथ ही परिवार से कहा कि सरकार आपके साथ हरकदम पर खड़ी है। इस मौके पर शुभम के पिता संजय द्विवेदी, मां सीमा, पत्नी एशान्या, चाची रंजना, बहन आरती, बहनोई शुभम द्विवेदी, चचेरा भाई सौरभ व सौमित्र उपस्थित रहे।



दिवंगत शुभम द्विवेदी के स्वजन से मिलते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक • स्वजन

## उप मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक कर परखी तैयारी

जासं, कानपुर : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा को लेकर गुरुवार को शहर भर में जगह-जगह भाजपा नेताओं ने बैठक कर भीड़ पहुंचाने की रणनीति बनाई। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सर्किट हाउस में सांसद रमेश अवस्थी व पार्टी नेताओं के साथ बैठक की। उप मुख्यमंत्री ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि कहीं कोई कमी न होने दी जाए। अध्यक्षता कर रहे क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बताया कि सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। बैठक में जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, पूर्व विधायक रघुनंदन भदौरिया आदि उपस्थित रहे। वहीं यशोदा नगर स्थित शहनाई बाड में प्रधानमंत्री की जनसभा में शामिल होने के लिए व्यापारी उद्यमी संवाद का आयोजन किया गया। प्रदेश महामंत्री व कानपुर बुंदेलखंड के प्रभारी अनूप गुप्ता ने जनसभा में ज्यादा से ज्यादा लोगों को आमंत्रित करने का आह्वान किया। भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र, जिलाध्यक्ष गुरुजिन्दर सिंह मौजूद रहे। कानपुर उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सुनील बजाज ने व्यापारियों संग पीले अक्षत देकर आमंत्रित किया। विप सदस्य सलिल विश्नोई ने तिरंगा व टी शर्ट देकर लोगों को आमंत्रित किया।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

THE ECONOMIC TIMES DELHI 31 MAY 2025

# Mumbai Airport Spars with IndiGo and Air India Over Payment Terms

**New Delhi:** The airport in Mumbai, run by the Adani Group, has triggered a lobbying effort by top carriers IndiGo and Air India after it changed payment rules, citing financial needs and a risk of airline defaults, documents show.

The airport is one of India's busiest at a time when dozens are being added in one of the world's fastest-growing aviation markets. It is the biggest of seven managed by a group led by billionaire Gautam Adani.

Confidential letters seen by Reuters show the intense pushback to the change, which seeks a compulsory cash deposit in a bank as security against charges such as landing and parking fees, instead of a long-standing practice of bank guarantees.

"None of these airlines normally pay on time ... we want to align our cash flow with the airlines' cash flow," said Arun Bansal, the chief executive of Adani Airport Holdings, which has a stake of 74% in the airport.

"They have taken advantage of our niceness," he added, referring to resistance to the new payment system from IndiGo and Air India since the change eight months ago in October.

Airlines often delay payments beyond a due date at month-end but the airport has to pay authorities earlier, creating working capital challenges that can be resolved by using the security deposit when needed, Bansal said.

IndiGo and Air India, which together have a share of 91% of the market in India, did not respond to queries from Reuters.

A source with direct knowledge of the matter said the new policy would require the two airlines to make deposits of about ₹2 billion ($23 million), taken together. For Air India, owned by the Tata Group conglomerate, such payments could strain its finances after racking up losses of $521 million last year, in addition to monthly costs of $50 million after Pakistan closed its airspace to Indian airlines.

The Mumbai International Airport Ltd (MIAL), which serviced 53 million passengers last year, also faces financial challenges, after posting losses of $71.11 million on revenues of $461 million last year, disclosures show. — **Reuters**

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

THE FINANCIAL EXPRESS DELHI 31 MAY 2025

# Adani-run Mumbai airport's new fee rules irk IndiGo, Air India

ADITYA KALRA
New Delhi, May 30

**FIGHT ZONE**

- Mumbai airport is seeking a compulsory cash deposit in a bank as security against charges such as landing and parking fees
- Earlier, airlines were required to provide bank guarantees
- IATA, which represents both Air India & IndiGo, has written to the govt against the changes



THE MUMBAI AIRPORT, run by Adani Group, has triggered a lobbying effort by top carriers IndiGo and Air India after it changed payment rules, citing financial needs and a risk of airline defaults, documents show.

The airport is one of the country's busiest at a time when dozens are being added in one of the world's fastest-growing aviation markets. It is the biggest of seven managed by a group led by Adani Group chairman Gautam Adani.

»INSIDE«
ADANI NOT KEEN TO BUY EMAAR INDIA
PAGE 4

Confidential letters seen by Reuters show the intense pushback to the change, which seeks a compulsory cash deposit in a bank as security against charges such as landing and parking fees, instead of a long-standing practice of bank guarantees.

"None of these airlines normally pay on time...we want to align our cash flow with the airlines' cash flow," said Arun Bansal, chief executive of Adani Airport Holdings, which has a stake of 74% in the airport. "They have taken advantage of our niceness," he added, referring to resistance to the new payment system from IndiGo and Air India since the change eight months ago in October.

Continued on Page 10

# Mumbai airport's new tariff rules irk IndiGo, Air India



AIRLINES OFTEN DELAY payments beyond a due date at month-end but the airport has to pay authorities earlier, creating working capital challenges that can be resolved by using the security deposit when needed, Bansal said.

IndiGo and Air India, which together have a share of 91% of the market in the country, did not respond to queries from *Reuters*.

A source with direct knowledge of the matter said the new policy would require the two airlines to make deposits of about ₹200 crore, taken together.

For Air India, owned by Tata Group, such payments could strain its finances after racking up losses of $521 million last year, in addition to monthly costs of $50 million after Pakistan closed its airspace to Indian airlines.

The Mumbai International Airport (MIAL), which serviced 53 million passengers last year, also faces financial challenges, after posting losses of $71.11 million on revenues of $461 million last year, disclosures show.

In a December 31 letter to an airlines body, the airport justified the change by pointing out its "deteriorating financial position" and "significant debt obligations".

"The deposits will help MIAL's financial stability and credit rating," it added.

The change also aimed to protect the airport from risks such as an airline going bankrupt, as carriers Jet Airways, Go First and Kingfisher Airlines have done in the last few years, Bansal said.

The Mumbai airport has the right to cancel the slots of airlines that do not follow the new policy, but does not intend to do so in the interest of passengers, he added.

The International Air Transport Association (IATA), representing both Air India and IndiGo, wrote to the civil aviation ministry in December, calling the change a bid to use airline deposits to fund the airport's need for working capital.

The civil aviation ministry did not respond to Reuters' queries.

The government has a stake of 26% in the Mumbai airport.

In a letter on April 2, the Federation of Indian Airlines told the airport it disagreed with the contention that airline payments were not timely.

Air India has lobbied the government, saying the industry was already facing "immense financial pressure" in an April 15 letter.

"It is highly likely that other airports across the country could adopt similar measures, leading to widespread financial strain," The Tata Group-owned carrier said in the letter, seen by Reuters.

REUTERS

FREE PRESS JOURNAL MUMBAI 30 MAY 2025

SURAT

# Airport grass fire disrupts flights

A sudden grass fire broke out in the operational area of Surat International Airport on Thursday afternoon, triggering a swift emergency response and affecting flight operations.

Thick smoke from the blaze posed visibility concerns for pilots, prompting air traffic control to divert a few incoming flights, including the Hyderabad to Surat flight, to Ahmedabad. No casualties were reported.Firefighters from the Airport Authority and Surat Municipal Fire & Emergency Services rushed to the site to douse the flames "Firefighting teams are working on a war footing to bring the situation under control," said an airport official, adding that passenger safety remains the top priority.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

# Corporate Communications Directorate

HARI BHUMI　　　DELHI　　　31 MAY 2025

# दतिया-सतना एयरपोर्ट का होगा वर्चुअल लोकार्पण... इंदौर मेट्रो की होगी शुरुआत



## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज भोपाल प्रवास पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन में शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम में प्रदेश भर के विभिन्न जिलों की 2 लाख से अधिक महिलाएं सिंदूरी साड़ी में शामिल होंगी। चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही सुरक्षा के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। प्रधानमंत्री करीब दो घंटे तक भोपाल में रहेंगे। उनका करीब पौन घंटे का भाषण होगा। प्रधानमंत्री करीब एक बजे भोपाल से नई दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे। भोपाल के जम्बूरी मैदान में आयोजित महासम्मेलन में प्रधानमंत्री इंदौर मेट्रो तथा सतना एवं दतिया एयरपोर्ट का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे। वे क्षिप्रा नदी पर ▶▶ शेष पेज 2 पर



## पीएम का यह होगा मिनट टू मिनट कार्यक्रम

- प्रधानमंत्री मोदी सुबह 11.30 बजे भोपाल के जंबूरी मैदान पहुंचेंगे
- 11.35 पर महिला सशक्तिकरण प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे, इसके बाद वे सीधे मंचासीन होंगे
- केंद्रीय संस्कृति मंत्री शेखावत के बाद सुबह 11.44 पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का भाषण होगा
- इसके बाद राज्यपाल मंगुभाई पटेल का उद्बोधन होगा।
- प्रधानमंत्री अहिल्याबाई सम्मान प्रदान करेंगे, यह सम्मान 5 लाख रुपए का होगा
- इसके तत्काल बाद 300 रुपए का सिक्का जारी करेंगे
- प्रधानमंत्री सतना व दतिया एयरपोर्ट तथा क्षिप्रा घाट का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे
- अहिल्याबाई पर फिल्म की स्क्रीनिंग की जाएगी ▶▶ शेष पेज 2 पर

आधा दर्जन महिला आईपीएस पीएम मोदी की सुरक्षा में तैनात

## 1 हजार महिला पुलिसकर्मी और 3 हजार पुलिस जवानों भी रहेंगे मुस्तैद

भोपाल। इस बार पीएम सुरक्षा की जिम्मेदारी मुख्य रूप से महिला पुलिस अधिकारियों को सौंपी गई है। स्पेशल डीजी चयन एवं भर्ती सोनाली मिश्रा को सुरक्षा व्यवस्था को लीड करेंगी। वहीं आयोजन स्थल की सुरक्षा डीआईजी रेल मोनिका शुक्ला देखेंगी। आईपीएस निवेदिता गुप्ता मुख्य कारकेड में तैनात होंगी। वहीं हेलीपेड की सुरक्षा व्यवस्था की प्रभारी एआईजी किरनलता केरकेट्टा को बनाया गया है। करीब 27 महिला डीएसपी स्तर के अधिकारियों को भी साथ में तैनात किया गया है। इसके अलावा ▶▶ शेष पेज 2 पर

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

**Corporate Communications Directorate**

HINDUSTAN DELHI 31 MAY 2025

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का विस्तार होगा, जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी

# तीसरे चरण का काम रफ्तार पकड़ेगा

नोएडा एयरपोर्ट

- गांवों के प्रभावित परिवारों की गणना की जाएगी
- बैठक में पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन पर जोर

**ग्रेटर नोएडा, वरिष्ठ संवाददाता।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट में निर्माणाधीन एयरपोर्ट के विस्तार के लिए तीसरे चरण का काम जल्द रफ्तार पकड़ेगा। इसके लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ेगी।

जिला प्रशासन ने भूमि अधिग्रहण के लिए धारा-11 की प्रक्रिया शुरू कर दी है। डीएम मनीष कुमार वर्मा ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एयरपोर्ट के लिए अधिसूचित गांवों के भूमि अधिग्रहण से प्रभावित परिवारों की सांख्यिकी गणना शुरू करने के लिए बैठक की। इस दौरान इनके पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन पर चर्चा की। इसमें बताया गया कि तीसरे चरण में 14 गांव थोरा, नीमका, शाहजहांपुर, खब्जापुर, रामनेर, किशोरपुर, बनवारीवांस, पारोही, मुकीमपुर सिवारा, जेवर बांगर, साबोता, मुस्तफाबाद, अहमदपुर, चोरौली, दयानतपुर, बंकापुर और रोही की 1857.7706 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जाना है।

इससे पूर्व प्रशासन ने नामित नोडल अधिकारी अधिग्रहण से प्रभावित परिवारों की गणना का कार्य करेंगे। इसे 15 जून तक पूरा किया जाना है। उन्होंने तहसीलदार जेवर और नायब तहसीलदार को टीमों से समन्वय स्थापित कर प्रतिदिन की गई सांख्यिकी गणना की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए। डिप्टी कलेक्टर विवेक भदोरिया इस कार्य के प्रभारी होंगे। बैठक में अपर जिलाधिकारी बच्चू सिंह, उप जिलाधिकारी जेवर अभय सिंह, डिप्टी कलेक्टर विवेक भदोरिया मौजूद रहे।

MILLENNIUM POST KOLKATA 30 MAY 2025

# Fire drill held at Kolkata airport



**KOLKATA:** The Netaji Subhas Chandra Bose International (NSCBI) airport, Kolkata, on Thursday conducted a hot fire drill mimicking an aircraft crash.

The Kolkata airport shared the drill took place at 3:48 pm. The full-scale simulation mimicked an aircraft crash within the airport premises to test response capabilities. Sixteen Aircraft Rescue and Fire Fighting (ARFF) personnel and nine CISF personnel participated, deploying two ARFF vehicles and two ambulances.

The drill aimed to achieve a 138-second response time from the initial alert and control the fire within one minute, meeting critical aviation safety benchmarks. The exercise validated emergency response plans, enhanced inter-agency coordination, and strengthened readiness across prevention, mitigation, preparedness, response and recovery phases. The airport director, PR Beuria emphasised the airport's commitment to safety through rigorous, realistic training. MPOST

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

Corporate Communications Directorate

THE MORNING STANDARD DELHI 31 MAY 2025

# Airlines oppose Mum airport's revised pay policy

ENS ECONOMIC BUREAU @ New Delhi

MUMBAI International Airport, operated by the Adani Group, has revised its payment policies, citing financial concerns and potential airline payment defaults.

This change has prompted major carriers like IndiGo and Air India to engage in lobbying efforts to address the new regulations.

Confidential letters seen by news agency Reuters show the intense pushback to the change, which seeks a compulsory cash deposit in a bank as security against charges such as landing and parking fees, instead of a long-standing practice of bank guarantees.

Arun Bansal, the chief executive of Adani Airport Holdings, which has a stake of 74% in the airport, stated that none of these airlines normally pay on time and that they want to align their cash flow with the airlines' cash flow.

"They have taken advantage of our niceness," he said, referring to resistance to the new payment system from IndiGo and Air India since the change eight months ago in October.

He added that airlines often delay payments beyond a due date at month-end but the airport has to pay authorities earlier, creating working capital



challenges that can be resolved by using the security deposit when needed. When Contacted, Adani Group did not issue any statement on the development. IndiGo and Air India also have not any statement.

Sources with direct knowledge of the matter told Reuters that the new policy would require the two airlines to make deposits of about ₹200 crore ($23 million), taken together.

The deposit norms can weigh on the financials of airlines. Tata Group's Air India which incurred losses of $521 million last year is already taking a hit $50 million per month after Pakistan closed its airspace to Indian airlines.

The Mumbai International Airport Ltd (MIAL), which serviced 53 million passengers last year, also faces financial challenges, after posting losses of $71.11 million on revenues of $461 million last year, disclosures show.

PIONEER DELHI 31 MAY 2025

# उड़ान शुरू होते ही मिलेगी स्मार्ट टैक्सी सेवा

## एयरपोर्ट प्रबंधन ने उबर से किया समझौता



**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तेजी से तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है। इसी दिशा में एयरपोर्ट प्रबंधन ने उबर के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता किया है।

इस करार के तहत, एयरपोर्ट से यात्रियों को लाने और ले जाने के लिए उबर ऐप-आधारित टैक्सी सेवा 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। इस सुविधा के जरिए यात्री उबर ऐप के माध्यम से टैक्सी बुक कर सकेंगे, जिसमें ऑनलाइन पेमेंट, रियल टाइम ट्रैकिंग, और आपात स्थिति में उपयोग के लिए एसओएस बटन जैसी सुविधाएं शामिल होंगी। इससे यात्रियों को न केवल सुगम और सुरक्षित यात्रा का अनुभव मिलेगा, बल्कि उन्हें अंतिम मील की यात्रा में भी किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। यह सेवा नोएडा, दिल्ली, गाजियाबाद, गुरुग्राम और यहां तक कि आईजीआई एयरपोर्ट तक भी कनेक्टिविटी को सुगम बनाएगी। इससे पहले दिसंबर में एयरपोर्ट प्रबंधन ने महिंद्रा लॉजिस्टिक्स के साथ ई-टैक्सी सेवाओं के लिए भी करार किया था। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के सीईओ क्रिस्टोफ श्नेलमैन ने कहा, हमारा उद्देश्य यात्रियों की यात्रा को घर से लेकर गंतव्य तक पूरी तरह से आरामदायक और सुगम बनाना है। उबर जैसी विश्वसनीय ऐप-आधारित सेवाएँ अंतिम मील की यात्रा को सुरक्षित और आसान बनाने में अहम भूमिका निभाएंगी। इसके साथ ही एयरपोर्ट प्रबंधन ने विभिन्न राज्यों के साथ बस कनेक्टिविटी के लिए भी समझौते किए हैं।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

THE TIMES OF INDIA AHMEDABAD 30 MAY 2025

# Bird deterrents set grass on fire at Surat airport

**Surat:** Grass in the runway safety area at Surat International Airport caught fire due to firecrackers that were set off to scare away birds, at about 1.30pm on Thursday. The fire led to three flights being diverted, to Ahmedabad and Vadodara airports, while a helicopter was diverted to a helipad in Hazira. Some departing flights were also delayed.

Surat airport director A N Sharma told TOI: "We use firecrackers to scare birds away from the runway during flight operations. In the afternoon, when our team used a firecracker, the grass near the runway caught fire from a spark. Fire teams rushed to the spot and doused the fire. Due to this, two scheduled flights and one non-scheduled flight were diverted to other airports, while a helicopter was sent to Suvali Helibase in Hazira." TNN P5

THE TIMES OF INDIA AHMEDABAD 30 MAY 2025

# Cracker to scare birds sets grass ablaze at Surat airport

## Firefighting Causes Three Flights To Be Diverted

TIMES NEWS NETWORK

TOI



The fire spread due to strong winds and took 90 minutes to extinguish

**Surat:** Grass in the runway safety area at Surat International Airport caught fire due to firecrackers that were set off to scare away birds, at about 1.30pm on Thursday. The fire led to three flights being diverted, to Ahmedabad and Vadodara airports, while a helicopter was diverted to a helipad in Hazira. Some departing flights were also delayed.

Surat airport director A N Sharma told TOI: "We use firecrackers to scare birds away from the runway during flight operations. In the afternoon, when our team used a firecracker, the grass near the runway caught fire from a spark. Fire teams rushed to the spot and doused the fire. Due to this, two scheduled flights and one non-scheduled flight were diverted to other airports, while a helicopter was sent to Suvali Helibase in Hazira."

The Air India Express Hyderabad-Surat flight was diverted to Ahmedabad, while Indigo's Bengaluru-Surat flight was sent to Vadodara. A non-scheduled flight of Ventura Airconnect was also diverted to Ahmedabad airport. All these flights made several fly-rounds and waited for ATC clearance to land as it took about 90 minutes for the fire to be doused.

At the time the fire began, the Air India Express Surat-Delhi flight IX-1123 was near the taxi track and was about to take off. The aircraft was pushed back to the apron and eventually left almost two and a half hours late. This had a cascading effect, causing several other flights to be delayed.

### Why 90 minutes to put out the fire?

Airport officials said such fires do occur as these firecrackers are used several times a day. Fire teams found it hard to put out the fire as there were heavy winds at the airport, causing the fire to spread. Airport officials also called two firefighting vehicles from Surat city's fire service.

### Spread fast despite recent rain?

Surat city got rain a couple of times in the past three days. The fire in the grass raises questions about whether the grass had been mowed in time. Officials said that they maintain the proper grass height, and this was within the acceptable limit when the fire began.

THE TIMES OF INDIA MUMBAI 30 MAY 2025

# Nigerian national nabbed with ₹9cr cocaine at airport

**Mumbai:** Customs officials seized 866gm of cocaine worth Rs 8.7 crore from a Nigerian national at the city airport on May 25. Patrick Ruheja's nervous behaviour and signs of physical unease following his arrival raised suspicion. A medical examination revealed he had swallowed multiple yellow-coloured pellets, which were recovered and found to contain cocaine. Ruheja was arrested. Officials said the drugs' source and intended recipients are being traced. TNN

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

THE ASIAN AGE DELHI 31 MAY 2025

■ Centre orders IndiGo to exit Turkish Airlines lease deal by Aug 31

# IndiGo plans to add 10 new int'l routes

AGE CORRESPONDENT
NEW DELHI, MAY 30

The government has given IndiGo time till August 31 to end its association with Turkiye Airlines.

Indigo is currently operating two B777-300ER aircraft under a damp lease from Turkish Airlines, which was permitted up to May 31, 2025.

Sources said Indigo had requested a further extension of the same for another six months, which was not agreed to by the directorate general of civil aviation.

However, in order to avoid passenger inconvenience due to immediate flight disruption, Indigo has been granted a one-time last and final extension of three months up to August 31, 2025, for these damp leased aircraft, based on the undertaking from the airline that they will terminate the damp lease with Turkish Airlines within this extension period and shall not seek any further extension for these operations, sources said.

IndiGo CEO Pieter Elbers said the airline will comply with any government regulations amid the airline operating wet-leased planes of Turkish Airlines coming into focus.

Last week, civil aviation minister K. Rammohan Naidu said his ministry was taking inputs from IndiGo and security agencies on the airline's use of planes leased from Turkish Airlines and they would decide on the way forward.

Revealing its strategy of internationalisation, the airline on Friday said it will start direct flights to 10 international destinations, including London and Athens, in the current financial year.

IndiGo will start operating direct flights from Mumbai to Manchester and Amsterdam with the leased Boeing 787-9 aircraft in July, and the services to the UK city will also mark the airline's long-haul debut.

The airline will also re-activate services to Almaty and Tashkent with new non-stop services from Mumbai.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

**Corporate Communications Directorate**

THE ASIAN AGE DELHI 31 MAY 2025

# Airlines look to boost US travel amid Trump tariffs

**New Delhi, May 30:** Airline bosses meet from Sunday in New Delhi at their annual industry conference, battling to mitigate the impact of Donald Trump's policies that have hit travel to the US and potentially raised costs for aviation.

Trump's bid to impose tariffs on the United States' trading partners have upended commercial flows, with legal challenges against his plan adding to uncertainties.

The tense atmosphere in the US, from Trump's plans to revoke foreign students' visas to reports of travellers detained at US borders, has also put a dampener on tourism.

The international air transport association (IATA) is due to update its traffic and profitability projections as the delegates from group gathering 350 airlines hold talks.

**TURBULENT PATH**

**TENSE** atmosphere in US, from Trump's plans to revoke foreign students' visas to reports of travellers detained at US borders, has put a dampener on tourism.



**IATA** is due to update traffic and profitability projections.

**INDIA** is experiencing explosive growth, with the number of airports and passengers in the country doubling over past decade.

Earlier, it forecast a record 5.2 billion air journeys in 2025 - up 6.7 percent from an unprecedented 2024. It predicted carriers would generate $36.6 billion in cumulative net profit, on revenue exceeding $1 trillion.

However, the US president's Liberation Day tariff blitz and his administration's stance on issues from immigration to education could throw a spanner in the works.

There's good news for carriers, though, with oil prices falling owing to an anticipated slowdown in economic growth. That could help firms reduce their fuel bills - a quarter and a third of operational costs - by hundreds of millions of dollars. *— AFP*

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

# Corporate Communications Directorate

AMAR UJALA DELHI 31 MAY 2025

## आखिरी बार 3 माह बढ़ी इंडिगो-टर्किश के बीच विमानों की लीजिंग

नई दिल्ली। नागरिक विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने शुक्रवार को इंडिगो को टर्किश एयरलाइंस से दो बोइंग 777 विमानों की डैंप लीजिंग (पायलट, केबिन क्रू सदस्य और रखरखाव सुविधा समेत) की अवधि तीन महीने के लिए बढ़ा दी है। सूत्रों के अनुसार, विमानन नियामक ने इंडिगो एयरलाइंस को टर्किश एयरलाइंस से आगे समझौता न बढ़ाने का भी निर्देश दिया है। हालांकि, इंडिगो एयरलाइन ने छह महीने के विस्तार का अनुरोध किया था। इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने शुक्रवार को कहा कि टर्किश एयरलाइंस के विमानों के डैंप लीजिंग पर सरकार के सभी नियमों का पालन करेंगे। एजेंसी

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

BUSINESS LINE DELHI 31 MAY 2025

# This season, it's mango tango for Air India

## The airline shipped 15% more of the king of fruits in April and May

**Aneesh Phadnis**
Mumbai

Air India is reaping the benefits of a robust global demand for mangoes, whose shipments have jumped 15 per cent this season. Buoyed by increased cargo capacity, the airline shipped 1,000 tonnes of the king of fruits in April and the volume in May has already topped that, an airline spokesperson said.

The UK, the US, the UAE, Canada, France, Germany and the Netherlands are the main export destinations. The top varieties exported include Alphonso, Safeda (Banganapalli) and Dussehri.

"In comparison to April 2024, we carried nearly 15 per cent more volume in April 2025. The volume of mangoes transported thus far in May is even higher than the last month, as we moved ahead into the mango season, though with the rain arriving early in many parts of the country, volumes may reduce in June," the spokesperson said. Perishables account for around 22 per cent of Air India's international cargo revenue.

Air India said an increase in frequencies to London Gatwick and Toronto, and the utilisation of higher capacity Boeing 777 aircraft (instead of Boeing 787) on the Mumbai-London route helped in the growth.




**TOP DESTINATIONS.** The UK, the US, the UAE, Canada, France, Germany and the Netherlands are the main export destinations

### RAIN DAMPENER

While the season began on a strong note, early rain has come as a dampener for farmers and exporters. The recent rejection of nearly 15 shipments of mangoes by the US Customs over improper documentation also was a let down.

Mangoes, which are exported to the US, are irradiated to increase their shelf life and eliminate pests.

According to media reports, there were discrepancies in documentation regarding irradiation, resulting in their rejection. "Indian exporters were not at fault," one trade person said.

Air India did not comment on the controversy. However, the airline said it takes utmost precaution in handling and transporting perishable products.

It said mangoes are kept in APEDA-certified facilities before they are loaded on to aircraft. "Once at the airport, thermal blankets and cool dollies (mobile refrigerated storage units) ensure that the fruit stays chilled as it moves across the tarmac into the aircraft," it said.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

BUSINESS STANDARD DELHI 31 MAY 2025

# 10 अंतरराष्ट्रीय सीधी उड़ानें शुरू करेगी इंडिगो

**इंडिगो** के मुख्य कार्य अधिकारी पीटर एल्बर्स ने शुक्रवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष 2025-26 में विमानन कंपनी लंदन और एथेंस सहित कुल 10 अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए सीधी उड़ानें शुरू करेगी। अन्य गंतव्यों में एम्स्टर्डम (नीदरलैंड), मैनचेस्टर (ब्रिटेन), कोपेनहेगन (डेनमार्क), सिएम रीप (कम्बोडिया) और मध्य एशिया के चार स्थान शामिल हैं।

एल्बर्स ने कहा कि भारतीय विमानन क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं, जहां बढ़ती मांग को बुनियादी ढांचे के विस्तार से समर्थन मिल रहा है। इंडिगो, पट्टे पर लिए गए बोइंग 787-9 विमान के साथ मुंबई से मैनचेस्टर और एम्स्टर्डम के लिए सीधी उड़ानें जुलाई में संचालित करना शुरू करेगी। यह विमानन कंपनी की लंबी दूरी की उड़ानों की भी शुरुआत होगी।

कंपनी की आय 10 अरब डॉलर है। यह 90 से अधिक घरेलू एवं 40 अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए उड़ान सेवाएं मुहैया कराती है। वहीं 430 से



अधिक विमानों के बेड़े के साथ रोजाना 2,300 से अधिक उड़ानें संचालित करती है।

एल्बर्स ने कहा कि विमानन कंपनी के अंतरराष्ट्रीय परिचालन के विस्तार के साथ ही भारत को 'कनेक्टिंग' उड़ानों के लिए एक बेहतरीन स्थल बनाने का भी एक बड़ा अवसर है। उन्होंने देश के अंतरराष्ट्रीय केंद्र बनने की क्षमता पर भी प्रकाश डाला। एल्बर्स ने कहा कि वर्तमान में भारत के अंतरराष्ट्रीय यातायात में भारतीय विमानन कंपनियों की हिस्सेदारी 45 प्रतिशत है, जबकि शेष 55 प्रतिशत सेवाएं विदेशी विमानन कंपनियों द्वारा प्रदान की जाती हैं। *भाषा*

# फल-फूल से फली फूली एयर इंडिया

**दीपक पटेल**
नई दिल्ली, 30 मई



**फल,** सब्जियां, मांस-मछली और फूलों जैसे जल्दी खराब हो जाने वाली चीजें यानी पेरिशेबल श्रेणी की वस्तुएं तेजी से एयर इंडिया के कार्गो कारोबार का मजबूत हिस्सा बन रही हैं। इस श्रेणी ने बीते दो वर्षों में बढ़ती मांग और कोल्ड चेन लॉजिस्टिक्स और बुनियादी ढांचे में रणनीतिक निवेश के कारण 37 फीसदी की दमदार वृद्धि दर्ज की है।

वित्त वर्ष 2025 में एयर इंडिया ने विदेश में 57,530 टन ऐसी वस्तुओं का परिवहन किया था जो वित्त वर्ष 2024 में 49,703 टन और वित्त वर्ष 2023 में 41,998 टन था। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने शुक्रवार को बिज़नेस स्टैंडर्ड से कहा कि जल्द खराब होने वाले सामान विमानन की कंपनी के अंतरराष्ट्रीय कार्गो वॉल्यूम में अब करीब 30 फीसदी हिस्सेदारी है और इसके अंतरराष्ट्रीय कार्गो राजस्व में इनका करीब 22 फीसदी योगदान है।

विमानन कंपनी के कुल अंतरराष्ट्रीय कार्गो वॉल्यूम में भी दमदार वृद्धि दर्ज की जा रही है और यह वित्त वर्ष 2023 के 1,37,358 टन से बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में 1,67,202 टन हो गया था और बीते वित्त वर्ष 2025 में यह और बढ़कर 2,16,076 टन पहुंच गया।

हालांकि, कुल अंतरराष्ट्रीय कार्गो की वृद्धि जल्दी खराब होने वाले सामान की वृद्धि से अधिक है। लेकिन यह श्रेणी एयर इंडिया के कारोबार का महत्त्वपूर्ण हिस्सा बनी हुई है। यह विमानन कंपनी के लक्षित निवेश से भी पता चलता है। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा कि बीते 2-3 वर्षों में एयर इंडिया ने अपने कोल्ड चेन लॉजिस्टिक्स को अपग्रेड किया है और इसमें तापमान के लिहाज से नाजुक सामान की शिपमेंट के लिए अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप दिल्ली, मुंबई, बेंगलूरु, लंदन के हीथ्रो, फ्रैंकफर्ट, न्यू यॉर्क और शिकागो जैसे दुनिया के 14 हवाई अड्डों पर सक्रिय कंटेनर और कोल्ड स्टोरेज सुविधाएं शामिल की हैं।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

BUSINESS STANDARD DELHI 31 MAY 2025

# विमानन क्षेत्र की बैठक में जुटेंगे दिग्गज

## दिल्ली में रविवार से होगा आयोजन, 42 साल बाद भारत में हो रहे सम्मेलन को संबोधित करेंगे प्रधानमंत्री

दीपक पटेल

नई दिल्ली में 40 से अधिक वर्षों के बाद इंटरनैशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (आईएटीए) की 81वीं सालाना आम बैठक होने वाली है। 1 जून (रविवार) से आरंभ हो रहे तीन दिन के इस सम्मेलन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संबोधित कर सकते हैं।

आईएटीए की सालाना बैठक में लगभग सभी अंतरराष्ट्रीय विमानन कंपनियों, विमान निर्माताओं और विमानन क्षेत्र से जुड़ी अन्य कंपनियों के प्रमुख और शीर्ष अधिकारी जुटते हैं। इसमें वैश्विक विमानन क्षेत्र से जुड़े मुद्दों पर विचार विमर्श किया जाता है, इसीलिए विमानन उद्योग के लिए साल का सबसे महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम माना जाता है। दुनिया की 350 से अधिक विमानन कंपनियां आईएटीए की सदस्य हैं और विमानन यातायात में उनकी 80 फीसदी से अधिक हिस्सेदारी है। आईएटीए ने कहा है कि इन कंपनियों के मुख्य कार्य अधिकारियों (सीईओ), सरकारी अधिकारियों और पत्रकारों समेत करीब 1,700 प्रतिभागी दिल्ली में हो रहे सम्मेलन में शिरकत कर सकते हैं।

भारत की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो इस बैठक की मेजबान है। इससे पहले भारत में यह बैठक 1983 में हुई थी।

आईएटीए के महानिदेशक विली वाल्श ने कहा, 'आईएटीए की सालाना आम बैठक 42 साल बाद भारत में होने पर हम काफी उत्साहित हैं। पिछले एक दशक में वैश्विक विमानन क्षेत्र में भारत का कद काफी बदला है। देश में रिकॉर्ड संख्या में विमानों के ऑर्डर दिए गए हैं, जबरदस्त वृद्धि हुई है और विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार हुआ है।'



भारतीय विमानन उद्योग में 3,69,700 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिला है और देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में इसका 5.6 अरब डॉलर का योगदान है। अप्रत्यक्ष रोजगार, विमानन के कारण मिलने वाले रोजकार और पर्यटन को जोड़ दें तो इस क्षेत्र से करीब 77 लाख नौकरी मिली हैं और जीडीपी में इसका योगदान 53.6 अरब डॉलर तक पहुंच जाता है, जो देश के कुल जीडीपी का 1.5 फीसदी है।

आईएटीए बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष और इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने कहा, 'भारत का विमानन क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है और देश की सामाजिक-आर्थिक वृद्धि में भी महत्त्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इंडिगो इस वृद्धि में सबसे आगे है।' आईएटीए की सालाना आम बैठक में सीईओ का एक पैनल होगा, जिसमें सूत्रधार सीएनएन के रिचर्ड क्वेस्ट रहेंगे। पैनल में एल्बर्स, जेट ब्लू की जोआना गेराटी, अब्र ग्रुप के एड्रियन न्यूहॉसर तथा फेड एक्स के रिचर्ड स्मिथ रहेंगे। इसमें विमानन उद्योग की वित्तीय संभावना, भारत में विमानन से विकास की रणनीति, पर्यावरण के अनुकूल विमानन ईंधन तथा विमानन भुगतान में नवाचार आदि पर चर्चा की जाएगी।

देश के हवाई यात्रा बाजार में बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए भारतीय विमानन कंपनियों ने साल 2023 से विमानों के कई बड़े ऑर्डर दिए हैं। फरवरी 2023 में टाटा के स्वामित्व वाले एयर इंडिया समूह ने 470 विमानों का ऑर्डर दिया था। समूह ने एयरबस को 250 विमानों और अमेरिकी हवाई जहाज कंपनी बोइंग को 220 विमानों को ऑर्डर दिया था। उसके चार महीने बाद जून में इंडिगो ने दुनिया का सबसे बड़ा विमान ठेका दे डाला। उसने एयरबस को 500 ए320नियो फैमिली विमानों का ठेका दिया। पिछले साल जनवरी में नई विमानन कंपनी अकासा एयर ने बोइंग को 150 बी737 मैक्स विमानों का ऑर्डर दिया था। इंडिगो ने पिछले महीने यूरोपीय विमान विनिर्माता एयरबस को 30 ए350-900 विमानों का ऑर्डर दिया, जिसके लिए उसे 4 से 5 अरब डॉलर खर्च करने पड़ सकते हैं। एयर इंडिया समूह ने पिछले साल दिसंबर में कहा था कि उसने एयरबस को 100 विमानों का एक और ऑर्डर दिया है, जिसमें पतली बॉडी वाले 90 ए320 विमान और चौड़ी बॉडी वाले 10 ए350 विमान शामिल हैं।

BUSINESS STANDARD DELHI 31 MAY 2025

# Will exit Turkish aircraft lease in three months, IndiGo tells DGCA

**DEEPAK PATEL**
New Delhi, 30 May

The Directorate General of Civil Aviation (DGCA) on Friday said it had granted budget carrier IndiGo a three-month extension to operate two Boeing 777 aircraft taken on wet lease from Turkish Airlines, after the airline submitted an undertaking to terminate the lease within this extended period.

The lease period was coming to an end on May 31 and the Indian carrier had sought an extension of six months. The DGCA refused.

"However, in order to avoid passenger inconvenience due to immediate flight disruption, IndiGo has been granted a one-time last and final extension of three months upto August 31, 2025, for these damp leased aircraft, based on the undertaking from the airline that, they will terminate the damp lease with Turkish Airline within this extension period, and shall not seek any further extension for these operations," the regulator stated.

Under the wet lease terms, the air-



craft, crew, maintenance, and insurance are all provided by the lessor — Turkish Airlines. The lessee — IndiGo — on the other hand, sells tickets and markets the service.

The DGCA's approval has come amid escalating diplomatic tensions between India and Turkey. This follows the latter's diplomatic and military support to Pakistan after the Pahalgam terror attack on April 22 and Operation Sindoor on May 7.

The "wet lease" arrangement between the two airlines began in 2023. It allowed IndiGo to start flights to Istanbul, which is outside the range of

> **"PEOPLE HAVE MADE TRAVEL PLANS AND BOOKINGS. OUR PRIORITY IS TO ENSURE THAT WE CONTINUE TO SERVE THEM. AT THE SAME TIME, WE REMAIN ALERT AND RESPONSIVE TO ANY CHANGES IN THE REGULATORY OR GEOPOLITICAL LANDSCAPE"**
>
> Pieter Elbers
> CEO, IndiGo

a normal narrowbody plane like A320. For IndiGo, this comes without it immediately investing in widebody aircraft. Of the around 430 planes in IndiGo's fleet, only three are widebody — two leased from Turkish Airlines and one from Norse Atlantic Airways. The remaining are narrowbody aircraft.

Speaking to reporters earlier in the day, IndiGo Chief Executive Officer (CEO) Pieter Elbers defended the airline's partnership with Turkish Airlines. He said it functions within established international norms and government policies. "The relationship between countries in the aviation sector is governed by what are known as Air Services Agreements. These define the number of flights that can be operated between nations," Elbers said.

He added that the airline operates in full compliance with the regulatory framework in place. "If there are any changes in the framework, we will naturally adjust our operations to stay aligned," he said. Elbers also emphasised that the leased aircraft are serving a clear passenger need, with the vast majority of travellers on these flights being Indian nationals. "People have made travel plans and bookings. Our priority is to ensure that we continue to serve them. At the same time, we remain alert and responsive to any changes in the regulatory or geopolitical landscape," he said.

The Bureau of Civil Aviation Security (BCAS), on May 15, revoked the security clearance of Istanbul-based Çelebi Aviation Holding, citing national security concerns.

Çelebi, which provided ground handling services at major Indian airports, challenged the decision in court.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

BUSINESS STANDARD DELHI 31 MAY 2025

# Perishables powering Air India's cargo growth

DEEPAK PATEL
New Delhi, 30 May

Perishables such as fruits, vegetables, fish, seafood, meat, and flowers are rapidly becoming a strong part of Air India's air cargo business, with the segment posting a 37 per cent growth over the past two years as a result of rising demand and strategic investments in cold chain logistics and infrastructure.


In 2024-25, Air India transported 57,530 tonnes of perishables internationally, up from 49,703 tonnes in FY24 and 41,998 tonnes in FY23. Perishables now account for close to 30 per cent of the airline's international cargo volumes and contribute 22 per cent of its international cargo revenue, an Air India spokesperson told *Business Standard* on Friday. The airline's overall international cargo volumes have also seen strong growth, rising from 137,358 tonnes in FY23 to 167,202 tonnes in FY24, and further to 216,076 tonnes in FY25.

While overall international cargo growth outpaces the rise in perishables, the segment remains a critical part of Air India's business, as reflected in the airline's targeted investments. Over the past 2-3 years, Air India has significantly upgraded its cold chain logistics, adding active containers and cold storage facilities at 14 airports worldwide, including Delhi, Mumbai, Bengaluru, London Heathrow, Frankfurt, New York (JFK), and Chicago, to meet international standards for temperature-sensitive shipments, the airline's spokesperson said.

